MS RASHMI BALA
SECRETARY

HELPLINE: +91 8510888811
E-MAIL: INFO@WHRRC.ORG

WORLD HUMAN RIGHTS RESEARCH COUNCIL

DEDICATED TO HUMAN RIGHTS

SN: 0114112026 **DATE: 14/11/2026**

सार्वजनिक सूचना

विश्व स्तर पर विद्यार्थियों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं संवैधानिक मूल्यों की समझ विकसित करने के उद्देश्य से **विश्व मानवाधिकार अनुसंधान परिषद् (WHRRC)** द्वारा दिनांक **06 सितम्बर 2026** को **मानवाधिकार महोत्सव** नामक एक विशेष शैक्षणिक प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत संगठन के प्रत्येक सदस्य का यह दायित्व निर्धारित किया गया है कि वे अपने आसपास स्थित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रतिमाह न्यूनतम एक बार तीन घंटे का जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करें। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को **मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR) एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों** की जानकारी प्रदान करना, उनका शैक्षणिक मूल्यांकन (परीक्षा) आयोजित करना तथा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र (**Certificate**) प्रदान करना अनिवार्य है।

संगठन के संज्ञान में आया है कि कई सदस्यों द्वारा अभी तक अपने-अपने जिलों में इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का आयोजन **प्रारम्भ नहीं किया गया है अथवा नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति संगठन के** उद्देश्यों एवं निर्धारित दायित्वों के अनुरूप नहीं है। अतः माननीय सचिव **श्रीमती रश्मि बाला** के निर्देशानुसार संगठन के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वे अपने-**अपने जिलों में प्रतिमाह कम से कम एक बार मानवाधिकार महोत्सव** प्रोजेक्ट का आयोजन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

जो सदस्य प्रतिमाह न्यूनतम एक बार इस प्रोजेक्ट का आयोजन नहीं करेंगे, उनकी सदस्यता का नवीनीकरण आगामी **आदेश तक रोक दिया जाएगा। अतः सभी सदस्य इस निर्देश को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में** प्रोजेक्ट का नियमित आयोजन सुनिश्चित करें। **प्रोजेक्ट संबंधी संपूर्ण जानकारी** जैसे आयोजन की प्रक्रिया, अध्ययन सामग्री, **UDHR** एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून से संबंधित परीक्षा प्रश्नपत्र, प्रमाण-पत्र तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश संगठन की आधिकारिक वेबसाइट **www.whrrc.org** पर उपलब्ध हैं। सदस्य वेबसाइट के **Projects** विकल्प पर जाकर समस्त आवश्यक जानकारी एवं सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।

यह सार्वजनिक सूचना संगठन के सभी सदस्यों को **WhatsApp** एवं ईमेल के माध्यम से भी प्रेषित की जा रही है, ताकि कोई भी सदस्य इस महत्वपूर्ण निर्देश एवं **प्रोजेक्ट** की जानकारी से वंचित न रहे। प्रोजेक्ट के आयोजन में किसी भी प्रकार की जानकारी, तकनीकी सहायता अथवा सहयोग के लिए संगठन की आधिकारिक **WhatsApp** हेल्पलाइन **+91 8510888811** पर संपर्क करें।

भवदीया,

श्रीमती रश्मि बाला
सचिव

RIGHTS • JUSTICE • PEACE • RESEARCH • AWARENESS

MS RASHMI BALA
SECRETARY

HELPLINE: +91 8510888811
E-MAIL: INFO@WHRRC.ORG

WORLD HUMAN RIGHTS RESEARCH COUNCIL

DEDICATED TO HUMAN RIGHTS

SN: 0114112026 **DATE: 14/11/2026**

PUBLIC NOTICE

With the objective of promoting human rights awareness, sensitivity, and understanding of constitutional values among students worldwide, the **World Human Rights Research Council (WHRRC)** launched a special educational initiative titled **Human Rights Festival** on **06 September 2026**. Under this initiative, every member of the organization is required to organize at least one three-hour awareness and educational programme every month in a High School or Higher Secondary School within or near their respective district. The programme must include educating students about the **Universal Declaration of Human Rights (UDHR) and national human rights laws**, conducting an assessment examination to evaluate their understanding, and issuing certificates to successful participants.

It has come to the attention of the organization that several members have not yet initiated this important project in their respective districts or are not conducting it regularly. Such a situation is inconsistent with the objectives and responsibilities of the organization. Therefore, under the directions of the Hon'ble Secretary, **Mrs. Rashmi Bala**, all members of the organization are hereby officially notified and instructed to ensure that the Human Rights Festival project is organized at least once every month in their respective districts.

Members who fail to organize this project at least once every month shall have their membership renewal withheld until further orders. All members are therefore directed to take this instruction seriously and ensure the regular implementation of the project within the prescribed timeframe. **Complete information regarding the project**, including the organization procedure, study materials, examination papers covering the UDHR and national human rights laws, certificates, and other necessary guidelines, is available on the organization's official website: www.whrrc.org. Members are requested to visit the **Projects** section of the website to access all the necessary information and resources required for conducting the programme.

This public notice is also being circulated to all members through WhatsApp and email to ensure that no member remains unaware of these important instructions. For any information, technical assistance, or support regarding the organization of this project, members may contact the official WHRRC WhatsApp Helpline at **+91 8510888811**.

Yours faithfully,



Mrs. Rashmi Bala
Secretary